वी.यू. में सड़क सुरक्षा अभियान हेतु शपथ ली गई

नानाजी देशमुख पशुचिकित्साा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रशासनिक परिसर में जबलपुर कलेक्टेर महोदय जी के ओदशानुसार एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में देश भर में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से देश व्यामपी सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 9 दिसम्बतर 2022 को पूर्वान्हा 11:00 बजे नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा एवं सहायक कुलसचिव निधि भलावी द्वारा समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र – छात्राओं को सामूहिक रूप सें सड़क हादसे रोकने हेतु सुरक्षा के उपाय बरतने की शपथ दिलाई गई, जिसमें सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातो का ध्याान रखना, यातायात नियमो का हमेशा स्वपयं एवं अपने परिजनों से पालन कराना, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्टं लगाना, कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाना, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल से बात नही करना, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ियों को पहले जाने के लिये रास्ता देना, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिये सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर डॉ. जी.पी लखानी, संचालक प्रक्षेत्र, डॉ, प्रीति मिश्रा, डॉ, माधुरी शर्मा, डॉ, शिवमोहन एवं विश्वविद्यालय के समस्तर अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र – छात्राऐं उपस्थित रहे ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.,जबलपुर